gradation of skills of staff implementing programmes, continuous monitoring & evaluation etc.

States have been requested to adhere to these recommendations from time to time.

(d) The programme have been largely implemented through district administrative machinery and the instances of the involvement of NGOs and Panchayati Raj institutions in the activities of DPAP/DDP are not many. States have however been requested to involve these non-official institutions in planning and implementation of programmes.

पर्यटन वर्ष 1991 के दौरान विशेष कार्यक्रम

*8. **डा० अबरार अहमद :** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991 को पर्यटन वर्ष घोषित किये जाने के पश्चात पर्यटन विकास हेतु क्या विशेष कार्यक्रम आरंभ किये गये हैं और क्या पर्यटकों के लिए होटलों के निर्माण हेतु कोई विशेष सहायता प्रदान की गई है;

(ख) राजस्थान में पर्यटक स्थलों के विकास के लिये क्या कार्यक्रम बनाये गये हैं और उन पर अब तक कितना धन खर्च किया गया है; और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सवाई माधोपुर राजस्थान के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों में से एक है तथा कुछ अन्य स्थल भी हैं जो पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह) : (क) आधारिक-संरचनात्मक सुविधाओं का संवर्धन और विकास करने के लिए 18 विस्तार परिपथ (विवरण I) अभिनिर्धारित किए गए थे। 46 मेले और त्यौहार (विवरण II) भी संवर्धन हेतु अभिनिर्धारित किए गए थे। होटल उद्योग में पूंजी-निवेश को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने वित्तीय प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया हैं बशर्ते कि होटल ग्रामीण क्षेत्रों, तीर्थ-स्थानों, पहाड़ियों और कतिपय अन्य महत्वपूर्ण पर्यटक गंतव्य स्थानों पर बनाए जाएं और होटल 1993 तक चालू हो जाएं। इन प्रोत्साहनों में 10 वर्ष के लिए व्यय कर से छूट और आय-कर में 50% की छूट शामिल है। विरासत होटलों के रूप में होटलों की एक विशेष श्रेणी को अलग से अनुमोदित श्रेणी में वर्गीकृत किया जा रहा है। यह स्कीम 1.1.1991 से शुरू की गई है।

(ख) सातवीं योजना के दौरान, राजस्थान राज्य सरकार को वित्तीय सहायता देने के लिए पर्यटन का विकास करने हेतु 1.47 करोड़ रु० की परियोजनाएं/स्कीमें अनुमोदित की गई थीं। 1990-91 के दौरान, वित्तीय सहायता देने के लिए 1.14 करोड़ रु० की 11 परियोजनाओं/स्कीमों की प्राथमिकता निर्धारित की गई थी।

(ग) राजस्थान राज्य सरकार को सवाई माधोपुर में एक पर्यटक परिसर का निर्माण करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता दी गई। इसके अलावा, बुंदी, पाली, अलवर तथा पुष्कर में पर्यटक परिसर, धोलपुर और महुआ में मार्गस्थ सुविधाएं उदयपुर झील में तैरता रेस्टोरेंट कुछ ऐसी स्कीमें हैं जिनके लिए केन्द्र सरकार 1990-91 के दौरान राज्य सरकार को वित्तीय सहायता देगी।

विवरण I

पर्यटन वर्ष 1991 के दौरान विशेष कार्यक्रम

स्थापित परिपथ	विस्तार परिपथ (नए परिपथ)
1. महाराष्ट्र/राजस्थान/उत्तर प्रदेश बम्बई-औरंगाबाद-उदयपुर-जोधपुर-आगरा-दिल्ली	उदयपुर-चित्तौड़गढ़-माउंट आबू-रनकपुर कुम्भलगढ़-जोधपुर
2. तमिलनाडु /कर्नाटक/महाराष्ट्र मद्रास-बंगलौर-मैसूर-बम्बई	मद्रास-त्रिची-मदुरई-तन्जौर
3. महाराष्ट्र/गोवा/कर्नाटक/तमिलनाडु बम्बई-गोआ-बंगलौर-मैसूर-मद्रास	मैसूर-बांदीपुर (नेशनलपार्क)-कबीनी-मैसूर (वन्य जीव)
4. दिल्ली/उत्तरप्रदेश/मध्य प्रदेश/उड़ीसा/पश्चिम बंगाल दिल्ली-आगरा-खजुराओ-वाराणसी-भुवनेश्वर पुरी-कोणार्क-कलकत्ता	भुवनेश्वर-चिलका लेक और ललितगिरि रतनगिरि
5. महाराष्ट्र/मध्य प्रदेश/उत्तर प्रदेश/दिल्ली/गुजरात बम्बई-भावनगर-अहमदाबाद-जयपुर-आगरा दिल्ली	भावनगर-पलिताना-लोथल-अहमदाबाद मोढरा
6. महाराष्ट्र/मध्य प्रदेश/उत्तर प्रदेश दिल्ली बम्बई-इन्दौर-भोपाल-ग्वालियर-आगरा-दिल्ली	इन्दौर-माण्डु-उज्जैन
7. दिल्ली/उत्तर प्रदेश/राजस्थान/महाराष्ट्र दिल्ली-आगरा-जयपुर-जोधपुर-उदयपुर-बम्बई	सरिस्का-अलवर-देवगढ़ और भरतपुर
8. दिल्ली/उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश/ नेपाल/बिहार दिल्ली-आगरा-झाँसी-खजुराहो-वाराणसी	(क) पटना-राजगीर-नालन्दा-बोधगया (ख) झाँसी-ओरछा-खजुराहो-पन्ना
9. दिल्ली/उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश दिल्ली-वाराणसी-खजुराहो-ग्वालियर-आगरा	झांसी-शिवपुरी-ग्वालियर-दतिया
10. महाराष्ट्र/कर्नाटक/तमिलनाडु बम्बई-बैलगांव-मैसूर	बेलगांव-बदामी-होस्पेट-हसन-मैसूर
11. तमिलनाडु /कर्नाटक/महाराष्ट्र मद्रास-बंगलौर-बीजापुर-बेलगांव-बम्बई	बंगलौर-हाम्पी-ऐहोल-पटटाडकल-बड़ामी बीजापुर
12. पश्चिमबंगाल/उड़ीसा/आसाम/मेघालय कलकत्ता-भुवनेश्वर-पुरी-कोणार्क-गुवाहाटी	गुवाहाटी-काजीरंगाम-शिलांग
13. महाराष्ट्र/आंध्र प्रदेश/कर्नाटक/ तमिलनाडु बम्बई-हैदराबाद-बंगलौर-मैसूर-बंगलौर-मद्रास	हैदराबाद-गोलकोन्दा फोर्ट-उसमानसागर-नागारजुना-कोन्डा-बीदर

स्थापित परिपथ	विस्तार परिपथ (नए परिपथ)
14. पश्चिम बंगाल/उड़ीसा/बिहार	
कलकत्ता-भुवनेश्वर-पुरी-कोणार्क	(क) कलकत्ता-सुन्दरबन्स-कलकत्ता (ख) कलकत्ता-शांतिनिकेतन-तिरुपुर-कलकत्ता (ग) कलकत्ता-दार्जिलिंग-कलिमपोंग (घ) कलकत्ता-पटना-राजगीर-नालन्दा-बोध गया
15. दिल्ली/उत्तर प्रदेश/हिमाचल प्रदेश	
दिल्ली-आगरा-दिल्ली	हिमाचल प्रदेश में कुल्लु मनाली और उसके आसपास पदल भ्रमण
16. महाराष्ट्र/कर्नाटक/तमिलनाडु/केरल	
बम्बई-बंगलौर-मैसूर-मदुरै-मद्रास	बंगलौर-कोचीन-अलप्पी-कोट्टायम-थकड़ी-कोडाइकनाल-मदुर
17. तमिलनाडु/कर्नाटक/महाराष्ट्र	
मद्रास-कोयम्बटूर-बंगलौर-बम्बई	कोयम्बटूर-कोनूर-ऊंटी-मदुमलाई-मैसूर-बंगलौर
18 तमिलनाडु/पाण्डिचेरी	
	मद्रास-कांचीपुरम-महाबलीपुरम-पांडिचेरी

विवरण II

पर्यटन वर्ष 1991 के दौरान संवर्धन किए जाने वाले मेले एवं त्यौहार

त्यौहार का नाम	दिनांक एवं महीना	स्थान	राज्य
1. मरु उत्सव	28-30 जनवरी	जैसलमेर	राजस्थान
2. पतंगबाजी	13-15 जनवरी	अहमदाबाद	गुजरात
3. पोंगल उत्सव	13-17 जनवरी		तमिल नाडू
4. हाथी दौड़	16-21 जनवरी	तिवेन्द्रम	केरल
5. नागौर उत्सव	23-25 जनवरी	नागौर	राजस्थान
6. गणतन्त्र दिवस	26 जनवरी		समस्त भारत
7. क्राफ्ट मेला	1-15 फ़रवरी	सुरजकुण्ड	हरियाणा
8. योग सप्ताह	2-7 फ़रवरी	ऋषिकेश	उत्तर प्रदेश
9. गोआ कार्निवल	9-12 फ़रवरी		गोआ
10. एलिफ़ेन्टा उत्सव	22-24 फ़रवरी	एलिफ़ेन्टा	महाराष्ट्र
11. छेली स्कीग	फ़रवरी का दूसरा एवं तीसरा सप्ताह	मनाली	हिमाचल प्रदेश
12. कोणार्क उत्सव	24-26 फ़रवरी	कोणार्क	उड़ीसा
13. चपचरकुट	23 फ़रवरी	मिजोरम	मिजोरम

त्यौहार का नाम	दिनांक एवं महीना	स्थान	राज्य
14. होला मोहल्ला उत्सव	27 फ़रवरी से 1 मार्च		पंजाब
15. बसंत उत्सव	मार्च	शांतिनिकेतन	पश्चिम बंगाल
16. खजुराहो उत्सव	12–18 मार्च	खजुराहो	मध्य प्रदेश
17. एलोरा उत्सव	21–23 मार्च	एलोरा	महाराष्ट्र
18. अन्तर्राष्ट्रीय फूल पर्व	मार्च-मई	गंगटोक	सिक्किम
19. अन्तर्राष्ट्रीय चाय पर्व	5–7 अप्रैल	दार्जिलिंग	पश्चिम बंगाल
20. बोहाग बिहु रंगोली बिहु	14–15 अप्रैल	समस्त राज्य	आसाम
21. त्रिचूर पूरम	अप्रैल	त्रिचूर	केरल
22. चिथिराई पर्व	अप्रैल-मई	मदुरै	तमिल नाडू
23. समर त्यौहार	1–10 मई	कोहिमा	नागालैण्ड
24. हेमिस उत्सव	जून	लद्दाख	कश्मीर
25. समर उत्सव	1–3 जून	माउंट आबू	राजस्थान
26. हिमाचल समर उत्सव	10–16 जून	शिमला	हिमाचल प्रदेश
27. आम उत्सव	7 जुलाई	सहारनपुर	उत्तर प्रदेश
28. रथ उत्सव	जुलाई (प्रथम सप्ताह)	पुरी	उड़ीसा
29. एल्लेपी बोट रेस	10 अगस्त	एल्लेपी	केरल
30. गणेश चतुर्थी	11–12 सितम्बर	बम्बई/पुणे	महाराष्ट्र
31. तरनेतर उत्सव	12–14 सितम्बर	सुरेन्द्र नगर	गुजरात
32. ओनम	सितम्बर	त्रिवेन्द्रम	केरल
33. नृत्य उत्सव	सितम्बर		आंध्र प्रदेश
34. गोलकुन्डा उत्सव	सितम्बर	हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश
35. हेइकु हितोंगबा	सितम्बर	मणीपुर	मणीपुर
36. नौरात्री पर्व	8 अक्टूबर	बड़ौदा	गुजरात
37. दशहरा	अक्टूबर	कुलू/मैसूर	हिमाचल प्रदेश/ कर्नाटक
38. दुर्गा पूजा	अक्टूबर	कलकत्ता	पश्चिम बंगाल
39. पर्ल उत्सव	अक्टूबर	—	आन्ध्र प्रदेश
40. का पोम्बलांग नोंगक्रीम	अक्टूबर–नवम्बर	—	मेघालय
41. दिवाली	नवम्बर	—	सभी राज्य
42. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला	नवम्बर	दिल्ली	दिल्ली
43. पुष्कर मेला	18–21 नवम्बर	पुष्कर	राजस्थान
44. सोनपुर मेला	नवम्बर	वैशाली	बिहार
45. अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र भोजन उत्सव	दिसम्बर	पणजी एवं कोचीन	गोआ एवं केरल
46. हम्पी विजयनगर उत्सव	दिसम्बर	हम्पी	कर्नाटक
47. जोरमेला	दिसम्बर	चण्डीगढ़	पंजाब